सफलता | पटेरा पुलिस को मिली कामयाबी, चोरी का हुआ खुलासा

# मंदिर में चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार, सामान बरामद

**नवभारत,पटेरा/दमोह. जिले के पटेरा थाना क्षेत्र में स्थित शीतला माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का पटेरा पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है.इस पूरे मामले में थाना प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेंद्र गुर्जर के नेतृत्व क्षमता और सतत प्रयासों की प्रमुख भूमिका रही.पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गया कीमती सामान भी बरामद कर लिया है.**

जानकारी के अनुसार 17 मार्च 2026 को ग्राम बमनपुरा निवासी मंदिर के पुजारी भागीरथ प्रसाद कुर्मी ने पटेरा थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि सुबह पूजा-पाठ के बाद मंदिर में ताला लगाकर घर चले गए थे.शाम को जब मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर




का ताला टूटा हुआ है और अंदर से माता जी के गले का सोने का हार तथा चांदी के छत्र गायब हैं. घटना के बाद क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल बन गया था.मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने इसे चुनौती के रूप में लिया और तत्काल पुलिस टीम गठित कर जांच शुरू कराई.उनके नेतृत्व में पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, संदिग्ध लोगों से पूछताछ की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया.लगातार कई दिनों तक दिन-रात मेहनत करते हुए थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम में उप निरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर, उनि संतोष सिंह, सउनि दिलीप सिंह, प्र.आर. रूपलाल, आर. बालमुकुंद, बृजेश, अनिल सिंह, आर.इंद्रजीत सिंह, म.आर.रानी ठाकुर ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की.गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब दो लाख रुपये कीमत का सोने का हार और चांदी के छत्र बरामद किए गए हैं.पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में परमलाल अठया 35 वर्ष, गुटालू उर्फ गोविंद सिंह लोधी 47 वर्ष और गुड्डू उर्फ अठया 45 तीनों आरोपी हिडोरिया के निवासी बताए गए हैं.

बताया जाता है कि मंदिर में चोरी की घटना सामने आने के बाद से ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर लगातार मामले की मॉनिटरिंग कर रहे थे और टीम के साथ मिलकर आरोपियों तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे थे .अंततः उनकी सूझबूझ और नेतृत्व में पुलिस ने इस बड़ी चोरी का खुलासा कर दिया .इस सराहनीय कार्रवाई के बाद क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं ने पटेरा पुलिस, विशेष रूप से थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर की प्रशंसा की है और पुलिस की तत्परता व कार्यकुशलता की सराहना की है .

# मां बड़ी देवी प्रांगण में विशाल कन्याभोज आयोजित

**नवभारत,दमोह.** प्रतिवर्षानुसार मां के पावन पर्व में नवरात्रि के शुभ महापर्व पर विशाल नगर कन्याभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन व युवा जन कल्याण समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष के प्रति नवरात्रि के अनुसार भी इस पावन पर्व नवरात्रि के सप्तमी के दिन विशाल नगर कन्याभोज कार्यक्रम किया गया. यह कन्याभोज का कार्यक्रम संगठन के द्वारा निरंतर 16 वर्षो से किया जा रहा है. कन्याभोज सुबह 8 बजे से मॉ बडी देवी के पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ किया.जिसमें नगर की कन्याओं के साथ माताए बहने बच्चे वृद्ध जनो ने भी प्रसाद ग्रहण किया.जो कन्याओं ने व्रत रखे हुए थे उन्हे समिति के द्वारा फलाहार कराया गया.समिति के राजकुमार रैकवार ने बताया कि मॉ के नवरात्र में कन्याभोज का महत्व होता है जिसमें कन्याओं के साथ साथ बालको को भी भोजन कराने का महत्व होता है क्योकि कन्याएं माता



रानी का स्वरूप होती है वही बालक भैरव बाबा के रूप होते है.इसलिए भोजन कराया जाता है विकास सोनी ने कहा कि हमारे संगठन के द्वारा नगर कन्याभोज का कार्यक्रम निरंतर 16 वर्षो से आयोजित करते आ रहे है और माता रानी की कृपा से आगे भी निरंतर जारी रहेगा.रामदीन पटेल ने बताया कि मॉ के प्रसाद को ग्रणह करने के लिए हर वर्ग समुदाय के लोग मॉ बडी देवी प्रंगाण आते हैं और मॉ का आर्शीवाद लेते हैं.कार्यक्रम में अनुराग गौतम, शीतल रजक, दिलीप राय, संदीप राजपूत, गर्वेश तिवारी, कुंदन शाह, बी के तिवारी, नरेंद्र रजक, सुनील सिंघाई, मनीष त्रिपाठी, रतन यादव, घनश्याम लोधी, शुभम सरवरिया आदि उपस्थित रहे.

# मुख्यमंत्री डॉ . यादव के जन्मदिन पर वृद्ध आश्रम में फल वितरण

**नवभारत,दमोह.** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मप्र के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्यों का आयोजन किया गया.इस क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की मौजूदगी में अपना घर वृद्ध आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वृद्धजनों को फल वितरित कर उनके साथ समय बिताया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया.इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव निरंतर प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं.उन्होंने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की



कामना करते हुए कहा कि वे इसी प्रकार प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाते रहे और जनता की सेवा करते रहें.उन्होंने आगे कहा कि भाजपा हमेशा सेवा,समर्पण और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देती है और मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देते हैं.इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सेन,राघवेंद्र सिंह परिहार,अमित बजाज गोलू,जिला मंत्री भारत यादव देवकीनंदन पटेल रिंकू गोस्वामी,सोनू यादव,राकेश गुरु,राजुल चौरहा, विकाश जैन, शिवेंद्र तिवारी,हर्ष पटेल,सीमान्त चौरसिया,जुगल अग्रवाल, वैभव पटेल,आदित्य सिरोठिया,उदित सोनी, टीकाराम पटेल विधान सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# शासकीय अभिलेखों में हेराफेरी कर जमीन कम करने का आरोप

**नवभारत, पथरिया 25 मार्च। तहसील अंतर्गत ग्राम कल्याणपुरा में एक कथित राजस्व घोटाले का मामला सामने आया है, जिसमें पदस्थ हल्का पटवारी बसीर अहमद खान पर शासकीय अभिलेखों में हेरफेर कर जमीन कम करने और उसे अपने रिश्तेदार के नाम दर्ज कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित पक्ष ने इस पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री, संभागायुक्त, कलेक्टर, एसडीएम और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।**

आवेदक राज पाठक के अनुसार ग्राम कल्याणपुर तहसील पथरिया स्थित खसरा नंबर 61 की सम्पूर्ण



रकवा 6.03 हेक्टेयर भूमि उनकी पैतृक संपत्ति है, जो पहले उनकी दादी स्व. सुशीला बाई पाठक के नाम शासकीय राजस्व अभिलेखों में दर्ज थी।

### पारिवारिक बंटवारे में भूमि के तीन हिस्से हुए

वर्ष 2003 में पारिवारिक बंटवारे के तहत यह जमीन तीन हिस्सों में विभाजित हुई, जिसमें राज पाठक के हिस्से में रकवा 2.01 हेक्टेयर भूमि आना तय हुआ था, लेकिन आरोप है कि वर्ष 2011 से ही राजस्व अभिलेखों में गड़बड़ी शुरू हुई और उनके हिस्से की जमीन घटाकर रकवा 1.90 हेक्टेयर कर दी गई। इतना ही नहीं, वर्ष 2018 में पदस्थ हल्का पटवारी बसीर अहमद खान द्वारा यह रकवा और घटाकर रकवा 1.61 हेक्टेयर कर दिया गया।

### यहां भी पटवारी ने किया खेल

सबसे गंभीर आरोप यह है कि खसरा नंबर 61/4 से रकवा 0.29 हेक्टेयर जमीन कम कर उसे पटवारी के रिश्तेदारी में आने वाली एक महिला के नाम खसरा नंबर 61/2 और 61/3 में दर्ज कर दिया गया, जबकि उस महिला का उस जमीन पर पहले कोई अधिकार ही नहीं था।

### एक और चौंकाने वाला मामला आया सामने

उसी खसरे से लगी हुई आवेदक के पिता बृजेश कुमार पाठक की एक अन्य भूमि, खसरा नंबर 62/5 रकवा 0.15 हेक्टेयर पर भी कथित रूप से पटवारी के रिश्तेदारी में आने वाली महिला का अतिरिक्त कब्जा पाया गया था, जिसे हटाने के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार नरसिंहगढ़ मंडल तहसील पथरिया द्वारा 29 जुलाई 2025 को आदेश भी दिया गया था एवं न्यायालय नायब तहसीलदार नरसिंहगढ़ मंडल तहसील पथरिया द्वारा 19 सितम्बर 2025 को पटवारी व पुलिस प्रशासन को उस भूमि से बेदखली आदेश जारी किया गया था। इस मामले में आरोप है कि संबंधित पटवारी ने यह कहकर कार्यवाही से इनकार कर दिया कि कब्जा हटाने से विवाद और सौहार्द बिगड़ सकता है। इस तरह न्यायालय के आदेश की भी अवहेलना का आरोप सामने आया है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले में सख्त कदम उठाएगा,और क्या पीड़ित को न्याय मिल पाएगा।

**इनका कहना है**

आवदेक द्वारा आवदेन दिया गया है, शीघ्र दिखवाते हैं। उक्त मामले में राजस्व अधिकारी बशीर अहमद खान से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**निकेत चौरसिया, एसडीएम पथरिया**

## माईसेम सीमेंट की नई पहल दमोह के युवाओं को मिलेगा सोलर तकनीक का व्यावसायिक प्रशिक्षण




**नवभारत,दमोह.** माईसेम सीमेंट कंपनी द्वारा क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर और कुशल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है.कंपनी ने पोस्टेरिटी फाउंडेशन के सहयोग से सोलर पीवी इंस्टालेशन टेक्नीशियन और सॉफ्ट स्किल व पर्सनालिटी डेवलपमेंट के तीन महीने के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया.इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन 25 मार्च को माईसेम सीमेंट के सक्षमता केंद्र में आयोजित एक समारोह के दौरान किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टेक्निकल क्लस्टर हेड (सेंट्रल इंडिया) सुरेश चंद्र दुबे उपस्थित रहे. उनके साथ एचआर हेड श्री विकास कुमार व कॉर्पोरेट सीएसआर हेड अजय कुमार ने भी शिरकत की और युवाओं का मार्गदर्शन किया.

## आठवी बोर्ड में एमएलबी स्कूल की छात्राओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन

**नवभारत,दमोह।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमा विद्यालय दमोह की आठवी बोर्ड की छात्राओं ने श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम अर्जित कर शाला का गौरव बढ़ाया है। संस्था का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा ।कक्षा आठवी की 90 छात्राओं में से ब्यासी छात्राएं,प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। दो छात्राओं ने शत प्रतिशत अंक अर्जित किये। एमएलबी दमोह की छात्रा कु. सांची नामदेव ने 87 प्रतिशत और कु.मोनिका राठौर में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया।



## विभिन्न मांगों को लेकर माझी समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**कुम्हारी नवभारत।** मांझी समाज ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार पटेरा को सौंपा है। इसमें विभिन्न मांगों का उल्लेख किया गया है। जिला अध्यक्ष महेंद्र बर्मन सहित संजय बर्मन एवं उनके सहयोगी ज्ञापन देने वालों में शामिल रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि मछुआ नीति बनाने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल में कई घोषणाएं की थी, लेकिन उन पर अमल आज तक नहीं हुआ। तत्कालीन मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर अमल करने की मांग मुख्यमंत्री डॉ. यादव से की गई है।

## मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ .अवधेश प्रताप सिंह का 28-29 को दमोह प्रवास

**नवभारत,दमोह।** मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह 28 व 29 मार्च को दमोह जिले के प्रवास पर रहेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 28 मार्च शनिवार की रात्रि 11 बजे राज्यरानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में होगा।29 मार्च रविवार को प्रातः 9:30 बजे डॉ.श्री सिंह बांदकपुर पहुंचकर भगवान जागेश्वर नाथ के दर्शन करेंगे। इसके पश्चात वे प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डॉ. सिंह प्रातः11:45 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा दोपहर 12:30 बजे एकता चेतना समारोह में शामिल होंगे। इसके उपरांत वे दोपहर 2:50 बजे शालीमार -भुज एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## शिक्षकों ने खोला मोर्चा,मूल्यांकन पारिश्रमिक बढ़ाने के लिए मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन



**नवभारत,दमोह.** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी दमोह द्वारा आज माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं से जुड़ी अपनी लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी गई.संघ के पदाधिकारियों ने 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में संलग्न मुख्य परीक्षकों व उप-मुख्य परीक्षकों के पारिश्रमिक में वृद्धि की मांग को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा.शिक्षकों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और मूल्यांकन कार्य की संवेदनशीलता को देखते हुए वर्तमान में दिया जा रहा पारिश्रमिक अत्यंत कम है. संघ ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की सटीकता सुनिश्चित करने वाले इन पदों के मानदेय में तत्काल ससम्मान वृद्धि की जाए.ज्ञापन सौंपने के दौरान मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के साथ-साथ अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी एकजुट नजर आए.

### एक नजर में



## श्री सिद्ध दात्री देवी मंदिर : नवरात्र में विशेष पूजा अर्चना से मिलता है आशीर्वाद : पंडित महेश

**नवभारत,दमोह** .चैत्र नवरात्रि हिंदू धर्म का एक प्रमुख नौ दिवसीय पर्व है .जो शक्ति की उपासना,हिंदू नववर्ष की शुरुआत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है .यह पर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होकर रामनवमी तक चलता है, जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा से सुख,समृद्धि, स्वास्थ्य और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है .चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के मंदिरों में अल सुबह ही माता रानी को जल चढ़ाने भक्तों का तांता लग जाता हैं .नगर के देवी मंदिरों में इस अवसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है .इसी क्रम में प्रोफेसर कॉलोनी स्थित श्री सिद्ध दात्री देवी मंदिर में पंचमी तिथि पर महा आरती का आयोजन किया गया .




## जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का तहसील ग्राउंड में किया गया आयोजन

**नवभारत,दमोह।** 25 मार्च को तहसील ग्राउंड दमोह में जिला स्तारीय कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, गोपाल पटैल, पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री के प्रतिनिधि लोकेन्द्र पटैल,जनपद अध्यक्ष हटा गंगाराम पटैल, महेश पटैल,हेमन्त पटैल,हरिश्चरन्द्र पटैल, मयंक श्रीवास्तव व जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किया गया ।कार्यक्रम की रूपरेखा तथा स्वारगत उद्बोधन उप संचालक कृषि जी.एल.अहिरवार द्वारा किया गया।

## शराब दुकान को बस्ती से बाहर करने आबकारी विभाग को स्मरण पत्र सौपा

**नवभारत,दमोह।** हिण्डोरिया में मुख्य सड़क पर बस्ती के बीच धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के निकट स्थापित व संचालित देशी-अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थापित करने के मुददे को लेकर नगर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने दमोह जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर, एसपी व आबकारी विभाग के अधिकारी को स्मरण पत्र सौपा ।इस सम्बंध में ज्ञापन मे बताया गया है कि नगर के वार्ड नंबर 09 में मुख्य सड़क पर आबादी के बीच स्थापित उक्त



शराब दुकान नगर के अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक आबादी के बीच संचालित है। इसके आस-पास हनुमान जी का मंदिर, यादव समाज का दीवाला,मुस्लिम समाज की ईदगाह मस्जिद व हजरत बाबामेहबूब शाह की दरगाह भी स्थित है। साथ ही शराब दुकान के मुख्य गेट के सामने ही मात्र 10 फीट की दूरी पर नगर का एकमात्र मंगलम विवाह गार्डन भी है। उक्त शराब दुकान को बस्ती से बाहर हटाने के लिए 02 मार्च 2026 को थाना हिण्डोरिया व नायब तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर दमोह को एवं 19 मार्च 2026 शांति समिति के माध्यम से कलेक्टर को स्मरण पत्र थाना प्रभारी धर्मेन्द्र उपाध्याय के माध्यम से सोपा गया था।

# बटियागढ़ पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत,दमोह.** चौकी फुटेरा थाना बटियागढ़ पुलिस ने 34(2) आबकारी एक्ट में फरार चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है.पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है,उक्त निर्देशों के पालन में दिनांक 26 सितंबर 25 को थाना बटियागढ़ में मुखबिर की सूचना पर एक पिकअप से 40 पेटी अवैध शराब जप्त की गई थी,जिस पर थाना बटियागढ़ में अपराध क्र.314/25



धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया था.जिसमें फरार आरोपी देवेन्द्र सींग लोधी पिता छोटे उर्फगनेश सींग लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम राख थाना बिनायका जिला सागर को 24 मार्च 2026 को चौकी प्रभारी फुटेरा आनंद कुमार व स्टाप द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया.आरोपी देवेन्द्र लोधी पर थाना बिनायका में पूर्व से विभिन्न धाराओं में 08 अपराध दर्ज है.सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों में चौकी प्रभारी सउनि आनंद कुमार,प्र.आर. 802 विपेश चौबे,सायबर सेल दमोह रही.

## ईको क्लब के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,दमोह में पर्यावरण नियोजन व समन्वय संगठन(एप्को) तथा पर्यावरण,वन व जलवायु परिवर्तन विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने हेतु महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.के.जैन तथा ईको क्लब प्रभारी डॉ.मीरा माधुरी महंत के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वनस्पति शास्त्र विभाग के नए भवन में संपन्न हुआ। जिसमें सुबह 10:30 बजे छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया, तत्पश्चात महाविद्यालय के उद्यान:विद्यावन में जैविक खाद उत्पादन हेतु लगाई गई दो इकाई पर सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति में जैविक खाद विषय विशेषज्ञ प्रथम तिवारी व शिवम् पाठक रहें.

केवल आश्वासन | महाविद्यालय नहीं होने से 12वीं के बाद अध्ययन करना विद्यार्थियों के लिए संभव नहीं हो पा रहा

# कुम्हारी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा बनी चुनौती

**कुम्हारी नवभारत 25 मार्च।** क्षेत्र में विगत कई वर्षों से महाविद्यालय की मांग उठाई जा रही है, जिसको लेकर अभी तक केवल आश्वासन ही मिला है। जिले से 42 किलोमीटर दूर बसे कुम्हारी कस्बे के छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा एक चुनौती बन गई है। यहां के विद्यार्थियों को 12वीं पास करने के बाद महाविद्यालय जाने के लिए दमोह, कटनी या हटा जाना पड़ता है। यहां जाकर पढ़ाई करना इस कस्बे के विद्यार्थियों के लिए बहुत महंगा साबित होता है और परिवार इसका बोझ नहीं उठा पाते। इस परेशानी के देखते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों ने मांग की है कि कुम्हारी एक महाविद्यालय खोला



जाए ताकि ग्रामीण बच्चों को भी शिक्षा का लाभ आसानी से मिल सके।

### महाविद्यालय बना तो गांव के विद्यार्थियों का भविष्य संवरेगा

देखा जाए तो विकास की प्रबल धारा में कुम्हारी क्षेत्र पिछड़ गया है। इस क्षेत्र के 45 से भी अधिक गांव कुम्हारी से जुड़े हैं। यदि यहां महाविद्यालय शुरू होता है तो इन गांवों के विद्यार्थियों को भी उच्च शिक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी और वे अपना भविष्य संवार सकेंगे। दूसरी ओर छात्राओं को तो इतनी दूर जाकर पढ़ाई करना संभव ही नहीं लगता। इसलिए वह आगे की पढ़ाई नहीं कर पाती।

### आर्थिक स्थिति कमजोर होने से आगे नहीं पढ़ पाते

यह क्षेत्र पूरी तरह कृषि पर निर्भर है। रोजगार के साधन यहां पर उपलब्ध नहीं है और न ही किसी तरह के कारखाने है। अधिकतर लोगों को मजदूरी को लेकर पलायन ही करना पड़ता है।ऐसे में आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से शहरों में पढ़ने का खर्चा उठाने में सक्षम नहीं होते और अपने सपनों को 12वीं के बाद विराम दे देते हैं।

### विधायक व जनप्रतिनिधि भी प्रयासरत है

महाविद्यालय की मांग को लेकर हटा विधायक उमा देवी खटीक सहित जनप्रतिनिधियों ने भी भोपाल में संबंधित मंत्री से मुलाकात इस ओर ध्यान आकर्षित कराया है। छात्रों ने भी हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री तक यह बात पहुंचाई है, लेकिन कुम्हारी आज भी एक अदद महाविद्यालय को तरस रहा है। वैष्णवी दुबे, अजीत जैन, कृष मेहरा, प्राची लोधी आदि छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय जल्द से जल्द इस क्षेत्र में संचालित हो ऐसी मांग शासन से की है।

**इनका कहना**

कुम्हारी में महाविद्यालय बन जाएगा तो हम लोगों को उच्च शिक्षा के लिए एक सौगात होगी। 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई भी हम लोग कर सकेंगे।

**निकिता लोधी, कक्षा बारहवीं विज्ञान समूह**

शहर जाकर पढ़ाई करना काफी महंगा होत है, यदि इस क्षेत्र में महाविद्यालय बनेगा तो ग्रामीण अंचलों के छात्रों को भी उच्च शिक्षा हासिल करने की सुविधा मिलेगी।

**शरद यादव, कला संकाय छात्र**